महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने छत्तीसगढ़ी में प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर आज पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है. राज्य स्थापना दिवस पर देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने भी राज्य स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ के प्रदेशवासियों को बधाई दी है. खास बात ये है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में बधाई संदेश प्रेषित किया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने ट्विटर के जरिए कहा कि छत्तीसगढ़ के भाई बहिनी मन ला जय जोहार! छत्तीसगढ़ के जम्मो मनखे मन ला ÷छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के गाड़ा-गाड़ा बधाई। छत्तीसगढ़ के संगे-संग, हमर देस बिकास के नवा-नवा कीर्तिमान रचय, एखर बर मोर डहर ले अब्बड़ सुभकामना।

मुंगेली जेल ब्रेक, फरार कैदियों में से 2 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंगेली (आरएनएस)। जेल ब्रेक मामले में पुलिस ने आज फरार चार कैदियों में से दो को पकड़ने में सफलता पाई है। ये कैदी बीते 26 अक्टूबर को देर रात जिला जेल से भाग गए थे। जिसके बाद से इनकी खोजबीन जारी थी। मुंगेली पुलिस ने तड़के इंदल उर्फ़ इंद्रध्वज को सिलतरा से जबकि तरुण केंवट को लोरमी के महरपुर से पकड़ा है। इंदल अपने परिवार से मिलने घर पहुँचा था जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अब पुलिस को दो अन्य बंदियों सुरेश और धीरज की तलाश है। यह सभी क़ैदी मुंगेली ज़िला जेल की बैरक नंबर तीन में निरुद्ध थे।

कमरे का ताला तोड़कर 25 नग बैटरी चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। एसटीसी टॉवर के कमरे का ताला तोड़कर 25 नग बैटरी चोरी किए जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पेंड्रा बिलासपुर निवासी जीवन यादव 25 वर्ष पिता कृष्ण कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सिलतरा एसटीसी टॉवर में बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा 25 नग बैटरी कीमत 42 हजार रुपये को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

घर में प्रवेश कर युवती से किया अनाचार का प्रयास, 3 युवकों के खिलाफ अपराध कायम

रायपुर (आरएनएस)। घर में जबरन प्रवेश कर युवती का हाथ बांह पकड़कर बेइज्जत करने का प्रयास किये जाने की रिपोर्ट गोबरा नवापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगीतराई गोबरा नवापारा निवासी युवती 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 31 अक्टूबर को डोंगीतराई ग्राम में डोमन साहू 20 वर्ष पिता लोकनाथ साहू व डोमेश साहू एवं शैलेंद्र साहू ने प्रार्थियां के घर में जबरन प्रवेश कर उसके साथ अनाचार का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर बेटे ने मां पर किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

» धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया

रायपुर (आरएनएस)। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर बेटे ने मां के साथ गाली गलौज कर धारदार औजार से पीठ पर मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली आफिस के पास चंगोराभाठा डीडी नगर निवासी श्रीमती लाखेश्वनी 35 वर्ष पति राधेश्याम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां का लड़का खिलेश्वर 18 वर्ष ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार चीज से पीठ पर मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

1 दिसंबर से 15 फरवरी तक होगी धान खरीदी

» केबिनेट की बैठक में हुआ फैसला » बाहरी धान लाने वाले पर होगी एफआईआर » 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल में ही किसानों से धान खरीदेगी सरकार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री निवास में केबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से धान खरीदी का मुद्दा छाया रहा। बैठक में राज्य के विभिन्न मामलों पर निर्णय लिया गया। जिनमें से धान खरीदी महत्वपूर्ण है। केबिनेट की बैठक में धान खरीदी को लेकर निर्णय लिया गया कि मौसम और बारिश की स्थिति को देखते हुए धान में नमी की आशंका बनी हुई रहती है। जिसके कारण अब राज्य के किसानों से धान खरीदी की अवधि बढ़ाकर 15 नवंबर से अब 1 दिसंबर से 15 फरवरी तक किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, मो. अकबर और अमरजीत भगत ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य की धान न खरीदने की जो स्थिति बनी हुई है उसका निदान शीघ्र ही हो जाएगा। सरकार 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान खरीदी करेगी। जैसे की कांग्रेस की घोषणा पत्र में निर्णय लिया गया था।

करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में कई अहम फैसले लिये हैं। राज्य सरकार ने आरक्षण के प्रावधान में बड़ा संशोधन किया है। राज्य सरकार ने तय किया है कि जिला संवर्ग के पदों के लिए आरक्षण के प्रावधान में संशोधन किया जायेगा। दरअसल कुछ जिलों में जिला संवर्ग के पदों में आरक्षण का प्रावधान पहले से लागू था, जिसकी वजह से अगर मौजूद आरक्षण नियम जिसके मुताबिक ओबीसी का 27 प्रतिशत, गरीब सवर्णो के आरक्षण 10 प्रतिशत और एससी-एसटी के नये आरक्षण नियमों को लागू किया जाता तो ये प्रतिशत 100 फीसदी से भी ज्यादा हो जाता। ऐसे में राज्य सरकार ने अब जिलों में एससी और एसटी के आरक्षण को तो यथावत रखा है, लेकिन ओबीसी और गरीब सवर्णों के आरक्षण को जनसंख्या के आधार पर तय करने का फैसला लिया है। दरअसल बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा सहित कई जिलों में जिला संवर्ग के पदों में संशोधित आरक्षण का नियम लागू किया जायेगा।

वहीं धान खरीदी की तारीख में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। नगरीय आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि- मौसम और बारिश की वजह से नमी को देखते हुए धान खरीदी अब 15 नवंबर के बजाय 1 दिसंबर से होगी। ये खरीदी 1 दिसंबर से शुरू होकर 15 फरवरी तक होगी। कांग्रेस सरकार अपने वादों के अनुरूक 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर ही धान की खरीदी करेगी। मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि धान खरीदी को लेकर राज्य सरकार ने कड़े प्रावधान किये हैं। प्रति एकड़ 15 क्विंटल की खरीदी होगी। इस बार प्रदेश में 19 लाख लोगों ने पंजीयन कराया था, जबकि पिछली दफा सिर्फ 16 लाख ही पंजीयन किया गया था। वहीं शिक्षकों की भर्ती अपने वादों के अनुरूप राज्य सरकार जारी रखेगी।

रेलवे में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 2,45,025 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय.समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा हैए साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें।

टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 31 अक्टूबर 2019 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 183 मामलों से 94,500 रूपये राजस्व प्राप्त हुआए वही अनियमित टिकट के 255 मामलों से 1,17,420 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआए अन बुकड़ लगेज के 310 मामलों से 31,685 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ एवं वही श्रेणी उन्नयन के 04 मामलों से 1,420 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआए कुल 752 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 2,45,025 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया एड्स टिकट चेकिंग अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. विपिन वैष्णव के नेतृत्व में 26 टीटीईए 02 मुख्य वाणिज्य निरीक्षकएरेलवे सुरक्षा बल 1 द्वारा 06 लोकल एवं लगभग 25 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई।

उत्कल एक्सप्रेस में पथराव, यात्री को आई गंभीर चोट

बिलासपुर (आरएनएस)। हरिद्वार से पूरी जा रही उत्कल एक्सप्रेस में अज्ञात तत्वो ने पथराव कर दिया, घुटकू रेलवे स्टेशन के पास हुई पथराव की इस घटना से एक यात्री घायल हो गया, घायल यात्री को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।हरिद्वार से पुरी जा रहे उत्कल कलिंग एक्सप्रेस आज करीब 12 बजे जैसे ही उसको गुटकू स्टेशन को क्रॉस कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात असामाजिक तत्वों ने ट्रेन में पत्थरबाजी कर दी, पत्थरबाजी ट्रेन के एस-3 कोच में हुई, जिससे एमपी के बुढार के यात्री शोभालाल के आंख के पास गंभीर चोट पहुंची है, उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, वही रेलवे पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंच गई है।गौरतलब है कि ट्रेनों में पथराव की घटनाएं लगातार सामने आ रही है इसे लेकर आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई ना होने पर उनके हौसले बुलंद हैं और ऐसे असामाजिक तत्व लगातार ट्रेनों में पथराव की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

सुराजी गांव योजना को बनाना होगा जन आंदोलन-सीएम

» मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस पर ''सुराजी गांव योजना'' के प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

» स्वयंसेवकों ने 27 जिलों में दिया गौठानों के सुचारू संचालन का प्रशिक्षण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत गौठानों के सुचारू संचालन, कार्यप्रणाली और गौठान में संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना आयोग के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों के माध्यम से प्रारंभ किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सुराजी गांव योजना को सभी की सहभागिता से एक जन आंदोलन बनाना होगा। जिलों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान इन प्रशिक्षकों ने गौठान समितियों, सुराजी गांव समितियों के गठन, कार्यप्रणाली और दायित्वों के संबंध में भी जानकारी दी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में नए मुख्य सचिव आर.पी. मंडल का स्वागत और सेवानिवृत्त मुख्य सचिव सुनील कुजूर को दी गई विदाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में नवनियुक्त मुख्य सचिव आर.पी. मंडल का स्वागत किया गया वहीं सेवानिवृत्त हुए निवर्तमान मुख्य सचिव सुनील कुजूर को विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, खुशहाल और सुदीर्घ जीवन की कामना की गयी।

राज्यपाल ने छठ पर्व की दी शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। यह सूर्य उपासना का पर्व है। यह हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का भी संदेश देता है। उन्होंने कामना की है कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों [illegible] सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आम से खास लोग पहुंचे राजभवन के 'ओपन हाउस' में राज्य स्थापना दिवस एवं दीपावली की बधाई देने लगा तांता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और दीपावली के उपलक्ष्य में आज राजभवन में 'ओपन हाउस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम से खास सभी लोग शुभकामनाएं देने बड़ी संख्या में पहुंचे। राजभवन का द्वार प्रदेश के सभी लोगों के लिए खुला रहा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से हर वर्ग, विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक क्षेत्रों के लोग, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं आम जनता ने राजभवन आ कर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से भेंट की और उन्हें राज्य की स्थापना दिवस एवं दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी आगंतुकों को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस एवं दीपावली की बधाई दी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और दीपावली की छत्तीसगढ़वासियों को गाड़ा-गाड़ा बधाई दी। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त होने का संकल्प लेने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान में सभी को अपनी भागीदारी निभाना चाहिए। राज्यपाल ने स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत और 'फिट इंडिया' को सार्थक करने पर जोर देते हुए कहा कि लोग स्वस्थ रहेंगे, तभी प्रदेश एवं देश के विकास में अपनी सहभागिता निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग बहुत अच्छे हैं और यहां की बोली भी बहुत मीठी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी गीत बहुत मधुर होती है, जिसमें उपयोग किए गए शब्द सीधे दिल को छु जाती है।

इस अवसर पर विधायकद्वय कुलदीप जुनेजा, अनूप नाग, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी, वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा, पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्तद्वय अशोक अग्रवाल, मोहन राव पवार, छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण डॉ. एस.के. पाटिल, डॉ. अरूणा पल्टा, डॉ. केशरीलाल वर्मा, डॉ. एन.पी. दक्षिणकर, वरिष्ठ साहित्यकार रमेन्द्रनाथ मिश्र, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने राज्यपाल को राज्य स्थापना दिवस और दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी मिलकर शुभकामनाएं दी।